सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-239
27/05/2017

मुख्यमंत्री ने पवित्र रमजान महीने के प्रारंभ होने पर राज्यवासियों विशेषकर मुस्लिम भाई–बहनों को हार्दिक बधाई दी

पटना, 27 मई 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने रमजान के पवित्र महीने के प्रारंभ होने पर राज्यवासियों विशेषकर मुस्लिम भाई–बहनों को हार्दिक बधाई दी और कहा कि रमजान का महीना रहमतों का महीना है। पूरे महीने खुदा की रहमतों की बारिश होती है। खुदा–ए–ताला की नजर में रोजेदारों की दुआयें मकबूल होती हैं। खुदा उनकी इबादत को स्वीकार करते हैं और उसके बदले तमाम आलमे इनसान पर अपनी रहमतों की बारिश फरमाते हैं। मुख्यमंत्री ने खुदा से दुआ की कि खुदा तमाम रोजेदारों की दुआओं को कबूल करे और हम सबों के बीच मेल–मोहब्बत एक दूसरे के प्रति आदर, सद्भाव, इज्जत की भावना को बढ़ाये। हमलोग मिलकर देश एवं राज्य की तरक्की में योगदान दें।

******